## खबर संक्षेप

### सामूहिक अवकाश लेकर शिक्षकों का आज प्रदर्शन



**कोरर।** खण्ड शिक्षा अधिकारी विकासखण्ड कांकेर के छग सहायक शिक्षक व समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय आव्हान पर मोदी की गारंटी एवं 4 सूत्रीय मांगों को लेकर ब्लाक के समग्र शिक्षक एक दिवसीय आंदोलन 17 जनवरी को सामुहिक अवकाश में रहने की जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देकर संज्ञान में लाया गया। ब्लाक अध्यक्ष अनस राम सलामे, जिला उपाध्यक्ष लोकेश साहू , जिला सचिव आशु मरकाम, ब्लॉक संरक्षक जीवराखन साहू उपस्थित रहे।

### पीड़ति परिवारों के लिए आर्थिक सहायता मंजूर

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आकाशीय बिजली गिरने एवं तालाब में डूबने से मृत्यु होने के दो प्रकरण में मृतक के आश्रितों के कांकेर तहसील के ग्राम पुसवाड़ा निवासी 41 वर्षीय सकन बाई नेताम की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित ममता और दीपक के लिए चार लाख रूपए तथा ग्राम किरगोली निवासी 03 वर्षीय नित्या उसेंडी की तालाब में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके माता-पिता टेश्वर और रेवती के लिए चार लाख की आर्थिक सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

2 अरब 84 करोड़ 65 लाख के 87 निर्माण कार्यों का मुख्यमंत्री साय ने किया भूमिपूजन और लोकार्पण

# पारदर्शी प्रशासन व विकास के साथ सरकार जनसेवा की ओर है अग्रसर : मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ मुख्यमंत्री पहुंचे पखांजूर, नर-नारायण सेवा आश्रम में की पूजा-अर्चना

कांकेर जिले के पखांजूर में शुक्रवार 16 जनवरी को विकास, आस्था और विश्वास का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने न केवल पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की, बल्कि हजारों लोगों की मौजूदगी में अरबों रुपये के विकास कार्यों की सौगात देकर परलकोट अंचल के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखी।

पखांजूर स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पहुंचे, जहां मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए विशाल जनसमुदाय को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने जिलेवासियों को 02 अरब 84 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत के 87 विकास कार्यों की सौगात दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वच्छता, पारदर्शिता और ई-गवर्नेंस के माध्यम से प्रशासनिक कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ा रही है। ई-ऑफिस और ऑनलाइन प्रक्रियाओं से शासन अधिक जवाबदेह और प्रभावी बना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नक्सलवाद समाप्ति की ओर है और इसके बाद बस्तर क्षेत्र में भी चहुंमुखी विकास दृष्टिगोचर होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों का अनुसरण करते हुए प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है। दो साल की अल्पावधि में राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवास की स्वीकृति दी है, जिसके परिणामस्वरूप अब तक 08 लाख हितग्राहियों ने गृह प्रवेश भी कर लिया है। इसी तरह महतारी वंदन योजना अंतर्गत ▶▶| शेष पेज 10 पर







### सीएम को सत्यानंद परमहंस की प्रतिमा की भेंट

मुख्यमंत्री ने पखांजूर नगर आगमन पर यहां प्राचीन नर-नारायण सेवा आश्रम पहुंचकर संस्थापक स्वामी सत्यानंद परमहंस के तैलचित्र एवं प्रतिमा का विधिविधानपूर्वक पूजन किया। इस दौरान आश्रम के अध्यक्ष स्वामी नित्यानंद ब्रह्मचारी तथा स्वामी बिरेंदानंद और स्वामी ज्योतिर्मय ब्रह्चारी ने मुख्यमंत्री को स्वामी सत्यानंद परमहंस की प्रतिमा प्रदान कर सम्मानित किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने पखांजूर के मुख्य मार्ग पर स्थित परलकोट विद्रोह के क्रांतिकारी शहीद गैंद सिंह की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी शहादत को नमन किया।

### मुख्यमंत्री ने घोषणा का लगा दिया अंबार

प्रदेश के सीएम ने जनप्रतनिधियों की माँग पर नए शिक्षा सत्र से बंग समाज के 135 ग्रामों की प्राथमिक शालाओं में नये शिक्षा सत्र से बांग्ला भाषा में शिक्षा प्रांरभ करने, संबलपुर से दुर्गुकोंदल होते हुए पखांजूर तक सड़क निर्माण, मंडी गेट पखांजूर से अंजाड़ी नाला तक गौरवपथ का निर्माण कराने, मछली मार्केट पखांजूर से नर-नारायण सेवा आश्रम तक सीसी सड़क निर्माण, वार्ड क्रमांक 05 की शासकीय कन्या शाला मैदान में बाउण्ड्रीवाल निर्माण, पखांजूर में फायर ब्रिगेड वाहन सेवा शुरू करने तथा सिविल अस्पताल पखांजूर में धनवंतरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स स्थापित करने की घोषणा किया।

# अस्थायी पुल के कारण आई तबाही, नदी में बह गई सालभर की मेहनत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

विकासखंड भानुप्रतापपुर के रानीडोंगरी के गावड़ेपारा में शुक्रवार को एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। यहाँ रहने वाले किसान सुदामा बाई अपनी सालभर की मेहनत से उपजाई धान की फसल को मंडी ले जाने निकले थे, लेकिन उन्हें क्या पता था कि यह सफर उनके लिए इतना भयावह साबित होगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान सुदामा बाई ने बताया कि करीब 115 बोरी धान ट्रैक्टर-ट्रॉली में लादकर मंडी की ओर बेचने के लिए ले जा रहे थे। रास्ते में नदी पर ग्रामीणों द्वारा श्रमदान से बनाए गए अस्थायी पुल को पार करते समय ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया और देखते ही देखते ट्रॉली सहित नदी में जा गिरा। नदी में तेज बहाव होने के कारण ट्रॉली में लदी पूरी धान की फसल बह गई। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन किसान को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। इस घटना के बाद किसान सुदामा बाई मानसिक रूप से पूरी तरह टूट गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में लंबे समय से पक्के पुल की मांग की जा रही है, लेकिन सरकार ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। मजबूरी में ग्रामीण अस्थायी और जर्जर पुलों से आवागमन करने को विवश हैं, जिससे ऐसे हादसे बार-बार हो रहे हैं। हादसे के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। उन्होंने सरकार से पीड़ित किसान को तत्काल मुआवजा देने और जल्द से जल्द स्थायी पुल निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सरकार ने ध्यान दिया होता, तो आज एक किसान की सालभर की मेहनत यूं पानी में नहीं बहती। सरकार की लापरवाही का खामियाजा एक बार फिर गरीब किसान को भुगतना पड़ा।



## खबर संक्षेप

### कन्या उमा विद्यालय अनंतपुर की छात्राओं का औद्योगिक भ्रमण

**कोण्डागांव।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनंतपुर में व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहे कक्षा 9वीं से 12वीं तक के ऑटोमोबाइल ट्रेड के छात्र–छात्राओं का एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण 13 जनवरी को जयदेव मारुति सुजुकी सर्विस सेंटर, उमरकोट ओडिशा में हुआ इस भ्रमण में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लेकर वाहन तकनीक से जुड़ी व्यवहारिक जानकारियाँ प्राप्त कीं। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को मारुति सुजुकी कारों की सर्विसिंग प्रक्रिया, इंजन जांच, ब्रेक सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक डायग्नोस्टिक, विभिन्न मॉडलों की संरचना तथा मेंटेनेंस से जुड़ी तकनीकी बारीकियों की जानकारी दी गई। छात्रें ने कार्यशाला को करीब से देखकर ऑटोमोबाइल क्षेत्र की वास्तविक कार्यप्रणाली को समझा। विद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार कोमरे ने बताया कि व्यावसायिक शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि छात्रें को रोजगार और स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है। ऐसे औद्योगिक भ्रमण से बच्चों को अपने भविष्य के करियर को समझने और सही दिशा चुनने में मदद मिलती है।

### श्रीमद्भागवत कथा, महायज्ञ का 27 से भव्य आयोजन

**कोण्डागांव।** समीपस्थ ग्राम नेवता के बाजारपारा मोहल्ले में आगामी 27 जनवरी से 2 फरवरी तक सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा एवं 7 कुंडलीय महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे गांव एवं आसपास के क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बन गया है। कथा वाचन के लिए संत लक्ष्मण महाराज श्रीधाम वृंदावन आएंगे। समिति के अनुसार प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक कथा होगी। रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक भजन–कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शुभारंभ 27 जनवरी को प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक भव्य कलश यात्रा के साथ किया जाएगा।

### एनएसएस कैंप में केशकाल पुलिस का सायबर जागरुकता अभियान

**केशकाल।** पुलिस अधीक्षक जिला कोण्डागांव श्री पंकज चन्द्रा (भापुसे) के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव कौशलेन्द्र देव पटेल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरुण नेताम के मार्गदर्शन में थाना केशकाल पुलिस द्वारा नवीन आपराधिक कानून, महिला अपराध यातायात नियम, नशामुक्ति एवं विशेष तौर पर सायबर अपराध के बारे में शासकीय कन्या अवसर माध्यमिक विद्यालय केशकाल के द्वारा आयोजित में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत लगाए गए कैंप में उपस्थित बालक बालिकाओं को जागरूक करने के लिए थाना केशकाल के द्वारा लगातार सायबर जागरूकता अभियान चलाई जा रही है।
इसी परिपेक्ष्य में आज 16 जनवरी को नगर पंचायत के गढ़सिलयारा में लगाए एनएसएस कैम्प में निरीक्षक विकास बघेल द्वारा कैम्प में उपस्थित बालक बालिका, संस्था प्रमुख शिक्षकगण, वार्ड पार्षद आगनबाड़ी सहायिका, ग्राम मितानिन व सभी वार्ड वासी को सायबर अपराध एवं सायबर अपराधों से खुद को बचाने के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया।

### विधायक ने 76 छात्राओं को सायकल वितरित की

**कोण्डागांव।** बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुश्री लता उसेंडी के मुख्य आतिथ्य में ग्राम दहिकोंगा में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए सायकल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, दहिकोंगा की 76 छात्रओं को राज्य शासन द्वारा संचालित सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत निःशुल्क सायकलें प्रदान की गईं। विधायक सुश्री लता उसेंडी ने अपने संबोधन में कहा कि बालिकाओं की शिक्षा समाज के विकास की आधारशिला है। सायकल मिलने से ग्रामीण क्षेत्रें की छात्रओं को विद्यालय आने–जाने में सुविधा होगी, जिससे उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित होगी।

# बस्तर पंडुम 2026 के जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं का होगा शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा आदिवासी परंपराओं, लोककलाओं एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बस्तर अंचल की समृद्ध लोकसंस्कृति को मंच प्रदान करने हेतु बस्तर पंडुम 2026 का आयोजन किया जा रहा है। कोंडागांव जिले में बस्तर पंडुम 2026 का आयोजन ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला एवं संभाग स्तर पर तीन चरणों में किया जाएगा। इसमें जिले की 12 प्रमुख पारंपरिक विधाओं से जुड़े कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रथम चरण के अंतर्गत जनपद स्तरीय प्रतियोगिताएं निर्धारित तिथियों में आयोजित होंगी कोंडागांव ऑडिटोरियम 15 से 17 जनवरी 2026, माकडी मंडी प्रांगण 15 से 16 जनवरी 2026, फरसगांव सामुदायिक भवन, जनपद पंचायत परिसर 15 से 16 जनवरी 2026, केशकाल सुरडोंगर मैदान 19 से 20 जनवरी 2026 बड़ेराजपुर हाई स्कूल मैदान, मारंगपुरी 19 से 20 जनवरी 2026।

**लोककला एवं परंपराओं के संरक्षण की दिशा में राज्य सरकार की पहल**

#### जिला स्तरीय प्रतियोगिता 24 से 29 जनवरी तक

द्वितीय चरण में 24 से 29 जनवरी 2026 तक जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होगी, जिसमें प्रत्येक विजेता दल को 20,000 रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। मूल्यांकन हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय चयन समिति गठित की जाएगी।



#### संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में मिलेगा 50 हजार तक का पुरस्कार

तृतीय एवं अंतिम चरण में 6 से 8 फरवरी 2026 तक संभाग स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें प्रथम पुरस्कार 50,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 30,000 रुपये, तृतीय पुरस्कार 20,000 रुपये अन्य प्रतिभागियों को 10,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

#### प्रथम चरण में 10 हजार की पुरस्कार राशि

जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के प्रत्येक विजेता दल को 10,000 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही प्रतिभागी दलों को प्रमाण पत्र एवं फोटो फ्रेम देकर सम्मानित किया जाएगा।

## छात्रावासों को सुरक्षित, स्वच्छ और सकारात्मक बनाने पर जोर

# कलेक्टर ने ली आश्रम छात्रावास अधीक्षकों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने बुधवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के सभी आश्रम छात्रवासों के अधीक्षकों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में छात्रवासों की व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए उन्हें सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

- बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के निर्देश

कलेक्टर ने कहा कि बच्चों को नवाचार एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़कर छात्रवास परिसरों को सुसज्जित किया जाए, ताकि बच्चों का परिसर से जुड़ाव बढ़े। उन्होंने कबाड़ से जुगाड़ के माध्यम से कलाकृतियों के निर्माण हेतु बच्चों को प्रेरित करने पर भी विशेष जोर दिया। बैठक में कलेक्टर ने मेन्यूचार्ट के अनुसार पौष्टिक एवं



गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी छात्रवासों में उपलब्ध कंप्यूटर को क्रियाशील रखने, इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने एवं बच्चों द्वारा इसके समुचित उपयोग को सुनिश्चित करने को कहा।

#### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश

कलेक्टर ने कंप्यूटर कक्ष में जिले की वेबसाइट, व्यापम एवं अन्य उपयोगी वेबसाइटों की सूची चस्पा करने तथा बच्चों की पढ़ाई के लिए छोटे पुस्तकालय (लाइब्रेरी) की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही छात्रवास परिसरों में बागवानी एवं किचन गार्डन विकसित करने पर भी जोर दिया गया।

छात्रवास अधीक्षकों द्वारा किए जा रहे नवाचारी प्रयासों का 10 बिंदुओं के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा, जिसके अनुसार उत्कृष्ट गतिविधियों वाले छात्रवासों की वरीयता तय की जाएगी।

#### धान खरीदी, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने गुरुवार को केशकाल विकासखंड अंतर्गत ग्राम होनहेड़ स्थित प्री–मैट्रिक बालक छात्रावास भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन में आवश्यक मरम्मत एवं शेष निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों को दिए है। कलेक्टर ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर, होनहेड़ तथा ग्राम कुएंमारी स्थित स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर ओपीडी सेवाएं, प्रसव सुविधाएं एवं दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ली। स्वास्थ्य केंद्र कुएंमारी में सोलर हीटर स्थापित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए। दौरे के दौरान कलेक्टर ने हाईस्कूल एवं प्राथमिक शाला का निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने हाई स्कूल परिसर में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फेंसिंग कराने तथा प्राथमिक शाला में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश शिक्षा विभाग को दिए।

# महंगाई भत्ता व डीए एरियर्स की मांग को लेकर बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

प्रदेश के लगभग साढ़े चार लाख शासकीय कर्मचारियों एवं एक लाख 44 हजार पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता प्रदान करने तथा वर्ष 2017 से लंबित 80 माह के डीए एरियर्स की मांग को लेकर पूरे छत्तीसगढ़ में एक मांग एक मंच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अभियान के दूसरे चरण की बैठक कांकेर में आयोजित की गई, जिसमें बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों से कर्मचारी एवं पेंशनर शामिल हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए अभियान की प्रदेश संचालन समिति के अध्यक्ष करन सिंह अटेरिया ने कहा कि यह अभियान कर्मचारियों और पेंशनरों के अधिकारों की साझा लड़ाई है। उन्होंने बताया कि देय तिथि से महंगाई भत्ता दिए जाने एवं मध्यप्रदेश की तर्ज पर डीए एरियर्स भुगतान की मांग को लेकर प्रदेशव्यापी हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी कर्मचारियों और पेंशनरों से बिना किसी भेदभाव के इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। अभियान के प्रथम चरण में 16 हजार कर्मचारियों और पेंशनरों के हस्ताक्षर एकत्र कर वित्त सचिव मुकेश बंसल को सौंपे जा चुके हैं।

आयोजित बैठक में कोष लेखा पेंशन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर सहित केएल उइके, देवराम नाग, लीलाराम सेन, गिरवर सिंह मरकाम, प्रह्लाद नायक, बीएस केरकेट्टा, लोकेश साहू, विद्यासागर ध्रुव, डॉ. ओपी शंखवार, रमेश्वरी टंडन, गौतम ध्रुव, एसपी सिंह, जोहनराम साहू, आरएल गावड़े, राजेन्द्र भदौरिया, एमएल सलाम, बृजलाल गंगेश, आशाराम जुर्री, रोहीदास गावड़े, ललिता साहू, लता मंडावी सहित कर्मचारी एवं पेंशनरों ने अपने विचार रखे।

# विद्यालय पुरी की 16 छात्राओं को मिली सरस्वती सायकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरी में 15 जनवरी को शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत 16 छात्राओं को सायकल का वितरण मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष हेमेंद्र बंटी ठाकुर के आतिथ्य में हुआ।

सायकल वितरण के उपरांत इस सत्र का अंतिम पालक-बालक सम्मेलन भी आयोजित किया गया।



मुख्य अतिथि हेमेंद्र बंटी ठाकुर ने छात्र-छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर पूरी मेहनत से पढ़ाई करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के साथ की गई तैयारी ही सफलता की कुंजी है। साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित सरस्वती सायकल योजना की जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना छात्राओं को सशक्त बनाने और समय पर विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। शासन की ऐसी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंच रहा है। सभा को ग्राम सरपंच दीपक गावड़े ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पीटीआई विनोद सेन ने किया। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच राधादेवी ठाकुर, बलराम ठाकुर, गोविंद ठाकुर, रविशंकर दर्रो, बी.एस. ठाकुर, व्याख्याता यू.के. देशमुख, धनंजय जैन, एन.आर. निषाद, नोहर धनकर, विनोद ठाकुर, विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे।

# महानदी पुल के पास पिकअप की ठोकर से शिक्षिका सहित 3 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सरोना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धनेसरा से मुड़पार-सरोना मार्ग पर महानदी पुल के पास मंगलवार 13 जनवरी को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही पिकअप वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार शिक्षिका और दो मासूम बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए।

थाना सरोना में सड़क दुर्घटना का शिकायत लेकर पहुंचे ग्राम धनेसरा निवासी 68 वर्षीय मंशा राम पिता स्व. चमरू राम बघेल ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी 29 वर्षीय शिवानी बघेल नर्सरीपारा सरोना स्थित एक निजी स्कूल में शिक्षिका हैं। वह सुबह स्कूटी से स्कूल जा रही थीं। उनके साथ गांव के दो बच्चे लिहान निषाद और मयंक नेताम भी सवार थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूई 6613 के चालक ने तेज गति और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में शिवानी बघेल के दाहिने पैर, कमर, सीने और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं लिहान निषाद के हाथ और पैर में और शरीर के अन्य हिस्सों गंभीर चोट लगने से अत्यधिक रक्तस्राव हुआ। मयंक नेताम के सीने, पेट और पैर में भी चोटें आई हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सरोना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर होने पर घायलो को जिला अस्पताल कांकेर रेफर कर दिया। वर्तमान में तीनों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। पीड़ित परिवार ने पिकअप चालक के खिलाफ तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि इलाज में व्यस्त होने के कारण तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई जा सकी।

शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूई 6613 का चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# निषादराज जयंती पर विधायक ने टिन शेड के लिए दस लाख की घोषणा की

**भानुप्रतापपुर।** विकासखण्ड भानुप्रतापपुर अंतर्गत ग्राम करमोती में निषाद केंवट समाज द्वारा आयोजित गुहा निषादराज जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भानुप्रतापपुर विधायक श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी मुख्य अतिथि ने समाजजनों को गुहा निषादराज जयंती की शुभकामनाएं दिए। विधायक ने कहा कि गुहा निषादराज ने अपने आदर्शों और कर्मों से रामायण जैसे महान ग्रंथ में स्थान पाया, जो निषाद समाज के लिए गर्व की बात है। समाज में आपसी एकता पर जोर देते हुए कहा कि आज समाज में एक-दूसरे का पैर खींचने की प्रवृत्ति दिखती है, जबकि हमें पैर खींचने के बजाय हाथ खींचकर समाज के पिछड़े वर्ग को आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। समाज की मांग पर झालोपारा



करमोती में टीनशेड निर्माण के लिए 10 लाख रुपएं कि घोषणा की, जिससे समाज में हर्ष का माहौल देखा गया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी, निषाद समाज अध्यक्ष हरिश्चंद्र निषाद, सरपंच शैलेश ठाकुर, जनपद पंचायत सदस्य लोकेश्वरी निषाद, गिरजा साहू, सरपंच अनीता रावटे, सुशील निषाद, कमलेश निषाद, भागीरथी निषाद, पुरुषोत्तम निषाद, भरत निषाद एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहें।

# फरार आरोपी गुलशन पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित

**कांकेर।** थाना अंतागढ़ क्षेत्र के अपराध क्रमांक 48/2025 एवं अपराध क्रमांक 03/2026 में फरार चल रहे आरोपी संजय नगर अंतागढ़ निवासी उम्र लगभग 25-30 वर्षीय गुलशन निषाद पिता युवराज निषाद कि गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अब तक आरोपी का कोई सुराग नहीं लग पाया है। आरोपी की जानकारी देने वाले को 10 हजार का इनाम दिया जाएगा।



पुलिस विभाग ने आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस रेगुलेशन के पैरा 80 (ए) के तहत इनाम की घोषणा कि है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेश के अनुसार जो भी व्यक्ति फरार आरोपी गुलशन निषाद की गिरफ्तारी कराएगा या उसकी गिरफ्तारी के लिए सटीक एवं विश्वसनीय जानकारी देगा, जिससे आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया जा सके तो उसे 10 हजार रूपएं नगद इनाम से पुरस्कृत किया जाएगा। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि जानकारी देने वाले व्यक्ति का नाम एवं पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। इससे आम नागरिकों को निर्भय होकर सहयोग करने का अवसर मिलेगा। पुलिस प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से अव्हान किया कि यदि किसी को भी आरोपी के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त होती है, तो तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस अधिकारियों को सूचित करें, ताकि आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर कानून के दायरे में लाया जा सके।

# जनपद स्तरीय बस्तर पंडुम के लिए आज समीक्षा बैठक

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग मंत्रालय महानदी भवन के निर्देशानुसार बस्तर पण्डूम 2026 के जनपद स्तरीय आयोजन को लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि जनजातीय बाहुल्य बस्तर संभाग की समृद्ध स्थानीय कला एवं संस्कृति को संरक्षित, संवर्धित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बस्तर पण्डूम 2026 का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से बस्तर क्षेत्र की लोककला, शिल्प, तीज-त्यौहार, खान-पान, बोली-भाषा, रीति-रिवाज, वेशभूषा, आभूषण, पारंपरिक वाद्ययंत्र, गीत-संगीत, नाट्य, व्यंजन एवं पेय पदार्थ, आंचलिक साहित्य तथा वन औषधि के मूल स्वरूप को जनमानस के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा और साथ ही जनजातीय कला समूहों के सतत विकास के साथ-साथ कलाकारों को प्रोत्साहन एवं सम्मान प्रदान करना भी इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि बस्तर पण्डूम 2026 के सफल आयोजन के लिए 17 जनवरी शनिवार को प्रातः 11 बजे जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में आयोजन की रूपरेखा, दायित्व निर्धारण एवं आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की जाएगी।

## नीति आयोग की टीम ने कोंडागांव जिले के हायर सेकेंडरी स्कूलों का किया दौरा

# स्मार्ट क्लासेज की गुणवत्ता परखी गई, डिप्टी कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**कोण्डागांव।** जिले में शिक्षा की गुणवत्ता और डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग को परखने के लिए 15 जनवरी को डिप्टी कलेक्टर किशोर शर्मा के नेतृत्व में नीति आयोग की टीम द्वारा स्मार्ट क्लासेज का व्यापक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सरकारी स्कूलों में उपलब्ध कराए गए डिजिटल उपकरणों का सही और नियमित उपयोग हो रहा है या नहीं। निरीक्षण दल में डिप्टी कलेक्टर किशोर शर्मा, नीति आयोग के अधिकारी सौरभ राज एवं रकीब अली शामिल रहे। टीम ने स्कूलों में स्मार्ट क्लास के उपकरण, इंटरनेट कनेक्टिविटी, कंटेंट उपयोग और शिक्षकों द्वारा डिजिटल माध्यम से पढ़ाई की स्थिति की जानकारी ली।

**इन स्कूलों में किया गया निरीक्षण** – टीम ने जिले के विभिन्न हायर सेकेंडरी स्कूलों का दौरा कर स्मार्ट क्लास की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। जिनमें प्रमुख रूप से हायर सेकेंडरी



स्कूल संबलपुर, हायर सेकेंडरी स्कूल बम्हनी, हायर सेकेंडरी स्कूल मड़ानार, हायर सेकेंडरी स्कूल सोनवाल, हायर सेकेंडरी स्कूल गोलावंड, हायर सेकेंडरी स्कूल मर्दापाल शामिल रहे।

**डिजिटल पढ़ाई की स्थिति का लिया फीडबैक** – निरीक्षण के दौरान टीम ने कक्षाओं में जाकर छात्रें से संवाद किया और यह जाना कि स्मार्ट क्लास से उन्हें पढ़ाई में कितनी मदद मिल रही है। शिक्षकों से भी डिजिटल कंटेंट के उपयोग, नियमित क्लास संचालन और तकनीकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई। डिप्टी कलेक्टर किशोर शर्मा ने स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों को निर्देश दिए कि स्मार्ट क्लासेज का नियमित और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी आधुनिक शिक्षा का पूरा लाभ मिल सके। जहां तकनीकी दिक्कतें सामने आईं, वहां संबंधित विभाग को शीघ्र सुधार के निर्देश दिए गए।

#### शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर जोर

नीति आयोग की टीम ने कहा कि स्मार्ट क्लास केवल उपकरण नहीं, बल्कि शिक्षण पद्धति में बदलाव का माध्यम है। इसका उद्देश्य बच्चों को –श्य–श्रव्य माध्यम से बेहतर समझ देना और उनकी सीखने की रुचि बढ़ाना है। इसके लिए शिक्षकों का प्रशिक्षण और नियमित मॉनिटरिंग बेहद जरूरी है। इस संयुक्त निरीक्षण से यह स्पष्ट हुआ कि कोंडागांव जिले में स्मार्ट क्लासेज को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रशासन गंभीर है। आने वाले समय में इससे ग्रामीण क्षेत्रें के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी और डिजिटल इंडिया की सोच को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी।

पेज 9 का शेष

### पारदर्शी प्रशासन व...

प्रदेश की 74 लाख महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में नियद नेल्लानार, धरती आबा अभियान, पीएम जनमन जैसी अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही है, जिससे विकास कार्यो कों गति मिली है। प्रदेश में मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना को पुनः प्रारंभ किया गया। मेहनतकश किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की जा रही है। सांसद ने कहा कि परलकोट क्षेत्र अबुझमाड़ का प्रवेश द्वार है, जो लाल आतंक के साए में लंबे समय से विकास से वंचित रहा है, चंकि अब माओवाद समाप्ति की ओर अग्रसर है तो मुख्यमंत्री के नेतृत्व में क्षेत्र में विकास की गति में निश्चित तौर पर तेजी आएगी। अंतागढ़ विधायक विक्रमदेव उसेण्डी ने परलकोट क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य तथा रोजगार के क्षेत्र में प्रदेश सरकार द्वारा लगातार कार्य करने की बात कही। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने स्वागत उद्बोधन दिया।

**कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित**– आयोजित कार्यक्रम में कांकेर विधायक आशाराम नेताम, राज्य हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, नगर पंचायत पखांजूर अध्यक्ष नारायणचंद्र साहा, उपाध्यक्ष शंकर सरकार, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, दिलीप जायसवाल के अलावा अधिकारियों में डीआईजी कांकेर अमित तुकाराम कांबले, एसपी निखिल राखेचा, जिला पंचायत सीईओ हरेश मण्डावी, अपर कलेक्टर एएस पैकरा, एसडीएम पखांजूर टीआर देवांगन के अलावा सतीश लाटिया, महेश जैन एवं पार्षदगण व स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं काफी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# चारामा विद्यालय के सम्मेलन में बोर्ड व छमाही परीक्षा की प्रगति रिपोर्ट पर हुआ विचार-विमर्श



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

पीएम श्री आत्मानंद हायर सेकंडरी स्कूल चारामा में 15 जनवरी को पालक बालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य अर्धवार्षिक परीक्षा में बोर्ड व अन्य कक्षाओ के छात्र छात्राओं के प्रगति रिपोर्ट पर पालको के साथ विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता पर साथ ही और अन्य विषयो पर पालको से विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जागेश्वर सिन्हा ने कहा कि बोर्ड में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को शाला प्रबंधन समिति के ओर से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही पालक और शिक्षकों में छात्र छात्राओं के पढ़ाई के प्रति आपसी सवांद की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में जनभागीदारी सदस्य श्री गजेन्द्र नाग, रुक्खम सेन, संदीप मेश्राम पार्षद सहित पालक, बालक, शिक्षक सहित शाला परिवार उपस्थित रहें।

## चरामा जनपद विद्यालय की बैठक में की चर्चा



**चारामा**। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जनपद चारामा विद्यालय में पालक-बालक शिक्षक सम्मेलन तृतिय बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक में पालकों, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने सहभागिता कि। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार, नियमित उपस्थिति तथा नैतिक मूल्यों के विकास पर चर्चा करना रहा। बैठक के दौरान विद्यालय के प्रधानपाठिका हेमलता देवांगन द्वारा विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, स्वच्छता एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की जानकारी दी गई। पालकों से बच्चों की नियमित पढ़ाई, गृहकार्य पर ध्यान देने, समय पर छात्रों के अकादमिक प्रगति के संबंध में परीक्षा के समय अभिभावक बच्चों से चर्चा करें ताकि उनका परीक्षा संबंधी तनाव दूर हो एवं मोबाइल के सीमित उपयोग की अव्हान किया गया। शिक्षकों ने नई शिक्षा नीति, सतत एवं व्यापक मूल्यांकन तथा बालकों के सर्वांगीण विकास पर अपने विचार साझा किए। साथ ही बाल विवाह निषेध शपथ ग्रहण पलकों एवं बालकों की उपस्थिति में संपन्न कराया गया।पालकों ने भी अपनी समस्याएं व सुझाव रखे, जिनका समाधान विद्यालय प्रशासन द्वारा करने का आश्वासन दिया गया।

## पालक-बालक एवं शिक्षकों की बैठक में बोर्ड परीक्षा व छात्रवृत्ति पर किया मंथन



**दुर्गुकोंदल**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोदापाखा में प्राशा, माशा एवं उच्चतर माशा के संयुक्त तत्वाधान में पालक-बालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, नियमित उपस्थिति, बोर्ड परीक्षा की तैयारी तथा शासन की योजनाओं की जानकारी पालकों तक पहुंचाना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत बैठक के उद्देश्य और विषयों की जानकारी के साथ की गई। बैठक में प्रमुख रूप से बोर्ड परीक्षा की तैयारी, अनुरोध कार्यक्रम, अपार आईडी, छात्रवृत्ति, बच्चों की नियमित उपस्थिति तथा परीक्षा परिणाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को पढ़ाई के प्रति गंभीर रहने, समय प्रबंधन करने एवं परीक्षा की रणनीति अपनाने के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। पालकों ने भी बैठक में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने को लेकर अपने विचार रखे और उपयोगी सुझाव दिए। इस दौरान अपार आईडी बनाने में आ रही समस्याओं के संबंध में पालकों को अवगत कराया गया तथा उसका समाधान किस प्रकार किया जाए, इसकी जानकारी भी विस्तार से दी गई। शिक्षकों ने बताया कि अपार आईडी विद्यार्थियों के शैक्षणिक रिकॉर्ड एवं शासन की योजनाओं से जुड़ने के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्राचार्य धनाराम कश्यप ने विद्यार्थियों और पालकों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए नियमित अध्ययन पर जोर दिया। माध्यमिक शाला प्रमुख मिलन देहारी एवं बिंदा कोमरे ने भी विचार रखे और छात्र-छात्राओं को अनुशासन एवं मेहनत के साथ पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। बैठक में शत्रुघ्न साहू, किशन अनंत, किशन चंद्राकर, रज्जू राम दर्रो, पवन यादव, पवन नाग, गेंदलाल साहू, संतोषी रावटे, विनीता वटी, डोमेश्वरी राणा, सजनी देहारी, कमलेश्वरी गोयल, ईशान गंगवानी, ग्राम गायता पति राम नरेटी, बलिराम दुग्गा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शांति पोटाई, विरम नरेटी एवं सिया ध्रुव सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## अर्धवार्षिक परीक्षा परिणामों पर पालकों से की चर्चा

**चारामा**। शासकीय हाई स्कूल चिनौरी में 15 जनवरी को मेगा पालक-बालक सम्मेलन का आयोजन गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनसिंग कुंजाम एवं विशिष्ट अतिथि रामलाल नेताम एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के समस्त सदस्य, पालकगण एवं शाला के समस्त बच्चों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्राचार्य सुशीला गढ़पाले ने अर्धवार्षिक परीक्षा का परीक्षा परिणाम की जानकारी पालकों के बीच साझा किया। इस बीच महिला बाल विकास विभाग से सुपरवाइजर द्वारा बाल विवाह मुक्त के बारे में जानकारी पालकों एवं बच्चों को दिया गया। साथ ही बाल विवाह मुक्त की सभी ने शपथ लिया।

## पालक-शिक्षक सम्मेलन में शिक्षा की गुणवत्ता पर दिया गया जोर

**दुर्गुकोंदल**। शासकीय कन्या हाई स्कूल एवं 200 सीटर कन्या आवासीय विद्यालय दुर्गुकोंदल में शिनवार को मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत मेगा पालक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। छात्राओं की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, नियमित उपस्थिति एवं पालकों की सहभागिता को सशक्त बनाने की बात कही गई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अर्धवार्षिक परीक्षा परिणामों की समीक्षा की गई। प्राचार्य एसएस कोमरे ने परीक्षा परिणामों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए छात्राओं की नियमित उपस्थिति एवं अध्ययन की निरंतरता पर विशेष बल दिया। पालकों से अव्हान किया कि वे अपने बच्चों की दैनिक उपस्थिति, गृहकार्य एवं पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें, जिससे शैक्षणिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो सके। प्राचार्य ने पालकों को घर पर बच्चों के लिए रीडिंग कॉर्नर उपलब्ध कराने तथा शासन के डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे दीक्षा ऐप एवं अन्य शैक्षणिक संसाधनों की जानकारी दी। सुदूर वनांचल क्षेत्र में डिजिटल शिक्षा के माध्यम से शैक्षणिक क्रांति लाई जा सकती है। साथ ही अपार आईडी, छात्रवृत्ति के लिए बैंक खाता, आय एवं जाति प्रमाण पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेज शीघ्र पूर्ण कराने पर भी जोर दिया, ताकि छात्राओं को शासकीय योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें तेनसिंह नरेटी ने छात्राओं को मेहनत, अनुशासन और लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अभिभावक और शिक्षक के समन्वय से ही बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनाया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि तामेश्वरी जैन एवं वार्ड पंच करिश्मा दुग्गा ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं बल्कि संस्कारों के विकास का भी प्रमुख माध्यम है। पालकों से विद्यालय की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।



■ अर्धवार्षिक परीक्षा की समीक्षा व छात्राओं की उपस्थिति पर दिया बल

## बाल क्रीड़ा स्पर्धा के समापन में विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम सुरुमदोह में आयोजित संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी बच्चों के जीवन का अहम हिस्सा है, जिससे उनमें अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें आगे और बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल हार-जीत का हिस्सा होते हैं, लेकिन हार से कभी निराश नहीं होना चाहिए। हार से सीख लेकर आगे बढ़ना ही सच्चे खिलाड़ी की पहचान है। खेलों के माध्यम से बच्चे न केवल स्वस्थ रहते हैं, बल्कि जीवन की चुनौतियों का सामना करना भी सीखते हैं। समारोह के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। पुरस्कार प्राप्त कर खिलाड़ियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों एवं ग्रामीणों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर रामचंद्र कल्लो, सरपंच संघ अध्यक्ष शकुनतला नरेटी, जनपद सभापति राजू विकास नायक, सिरों कोमरे, नरोतम चौहान, सरपंच नीलिमा मरकाम, रजलाल आचला, नंदू खरे, नामदेव मरकाम, मुकेश कुमार गावड़े, संजय उयके, दीपक पूड़ो, सोमल जैन, बहादुर तुलावी, छेरकु राम तुलावी सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पंडुम स्थगित होने पर लोगों ने किया भानुप्रतापपुर-पखांजुर मार्ग को जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल क्षेत्र में बस्तर पांडुम कार्यक्रम को बिना पूर्व सूचना के स्थगित किए जाने से जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों एवं आदिवासी समाज में भारी नाराजगी देखी गई। इसी आक्रोश के चलते जनपद प्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भानुप्रतापपुर से पखांजुर मुख्य सड़क को जाम कर शासन और प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।



16 जनवरी को बस्तर पांडुम का आयोजन प्रस्तावित था, जिसे कलेक्टर के हवाले से जनपद पंचायत द्वारा स्थगित किए जाने की जानकारी सामने आई। इस निर्णय से सबसे अधिक नाराजगी इस बात को लेकर रही कि जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं किसी भी जनपद सदस्य को इसकी पूर्व जानकारी नहीं दी गई। प्रतिनिधियों का कहना है कि बिना परामर्श और जानकारी के इस प्रकार का निर्णय लेना जनप्रतिनिधियों और आदिवासी समाज दोनों का अपमान है। सड़क जाम के दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, उपाध्यक्ष आनंद तेता, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धनेश नरेटी सहित कई जनपद सदस्यों ने शासन पर गंभीर आरोप लगाए। वक्ताओं ने कहा कि बस्तर पांडुम आदिवासी संस्कृति और परंपरा से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसे अचानक रद्द करना आदिवासी समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासियों के नाम पर योजनाएं तो बनाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर उनका सही क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। सड़क जाम के दौरान जनपद सदस्य हेमलता ऊईके, सुलोचना कोरेटी, निर्मला कोवाची, सियाराम पोटाई, दीनदयाल पटेल, सुखचंद प्रजापति, जीवन ऊईके, रजमन कोवाची, सोमदेव कोरेटी, हरीश रावटे, परमेश्वर बघेल, नंदलाल नेताम, जीत नाग, लतिफ ध्रुव, महत्तम दुग्गा, सियाराम दर्रो, अनूप दीवान, घनश्याम ठाकुर सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता अभियान एवं कार्यशाला हुई आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्गुकोंदल के तत्वाधान में 15 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 16 जनवरी को परियोजना दुर्गुकोंदल अंतर्गत कन्या शालाओं में बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण को लेकर जन-जागरूकता कार्यक्रम एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया।

विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत बालिकाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए एनीमिया विषय को केंद्र में रखा गया। स्वास्थ्य विभाग से आए डॉक्टर वीरेंद्र सिंह भदोरिया द्वारा बालिकाओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं किशोरी बालिकाओं से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई और साथ ही कुल 104 बालिकाओं का हीमोग्लोबिन परीक्षण किया गया, जिससे उनके स्वास्थ्य स्तर की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया जा सके। डॉक्टर भदोरिया ने संतुलित आहार, आयरन युक्त भोजन एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान बालिका शिक्षा, बाल विवाह रोकथाम एवं किशोरी बालिकाओं के अधिकारों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। जेंडर विशेषज्ञ अखिलेश साहू ने बालिकाओं को लैंगिक समानता, आत्मविश्वास एवं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया। चाइल्डलाइन से अमित बघेल एवं भाभनी साहू ने बच्चों की सुरक्षा, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की उपयोगिता तथा संकट की स्थिति में सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रभारी महिला बाल विकास अधिकारी देव कुमारी परिहार, पर्यवेक्षिका सुमित्रा सलाम एवं मनीषा कोराम, लेखापाल अब्दुल जिकर खान सहित विभाग का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने बालिकाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### बाल विवाह रोकने किया जागरूक, दिलाई शपथ



**कापसी**। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत शासकीय हाईस्कूल इरपनार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई के प्रति जागरूक करना और इसके दुष्परिणामों की जानकारी देना रहा। विद्यालय के प्राचार्य जीआर चुरेन्द्र एवं समस्त शिक्षक, शिक्षिका ने विद्यार्थियों को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई। शपथ के माध्यम से बच्चों को यह संकल्प कराया गया कि वे अपने घर, परिवार और जान-पहचान में यह संदेश पहुंचाएंगे कि बाल विवाह सामाजिक बुराई है, बाल विवाह के किसी भी प्रयास की जानकारी पंचायत और सरकारी अधिकारियों को देंगे, बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा के लिए अपनी आवा उठाएंगे और बाल विवाह को रोकेंगे।

### ओपन चैलेंज कबड्डी व वॉलीबॉल स्पर्धा 23 से

**दुर्गुकोदल**। विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम साधुमिचगांव में खेल प्रेमियों के लिए 23 से 25 जनवरी तक तीन दिवसीय ओपन चैलेंज प्रो कबड्डी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए अलग-अलग श्रेणियां रखी गई हैं। ओपन चैलेंज प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग कबड्डी में प्रथम स्थान के लिए 10000 रुपए, द्वितीय के लिए 5000 रुपए तथा तृतीय के लिए 3000 रुपए निर्धारित हैं। महिला वर्ग कबड्डी में प्रथम पुरस्कार 5000 रुपए, द्वितीय 2500 रुपए तथा तृतीय 1500 रुपए रखा गया है। इसी प्रकार पुरुष वर्ग वॉलीबाल में विजेताओ को प्रथम स्थान के लिए 10000 रुपए, द्वितीय के लिए 5000 रुपए तथा तृतीय के लिए 3000 रुपए निर्धारित हैं।

### पेड़ से युवक गिरा की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर**। थाना कोरर अंतर्गत भट्टीपारा मुंगपाल निवासी 37 वर्षीय पुरूषोत्तम उसेंडी पिता मनऊराम पेड़ से गिरकर घायल हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मुंगवाल निवासी 38 वर्षीय संध्या उसेंडी ने पुलिस को बताया कि मृतक 14 जनवरी को पेड़ के ऊपर चढ़ा था। पेड़ से गिरने के कारण आई गंभीर चोट से उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### मेड़ों में माता पहुंचानी 18 और देव मेला 19 को

**दुर्गूकोंदल**। विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत मेड़ों में माता पहुचानी 18 जनवरी को एवं वार्षिक देव मेला 19 जनवरी को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ होगा। ग्राम गायता रामदुलार देहारी, अजोरी राम देहारी, सरपंच रमशीला कोमरा, ग्राम पटेल मेहर सिंह कोमरा, भगवानी राम सिंहा, हेम नारायण सिंहा, सदीप दीवान, राधेलाल सुमेश देहारी, रामकिशोर सिन्हा एवं देवराज सिन्हा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन ग्राम की वर्षों पुरानी परंपरा है, जिसमें आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीणजन शामिल होते हैं।

### 18 कर्मचारियों के वेतन आहरण पर रोक

**कोण्डागांव**। जिला पंचायत कोण्डागांव के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने 8 जनवरी को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत संचालित आवास निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर 18 ग्राम पंचायत सचिवों, तकनीकी सहायक दुर्गेश मरकाम तथा विकासखण्डक जागेश्वर भवानी के वेतन आहरण पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए गए।

## पर्यावरण व खनिज संरक्षण पखवाड़े में मेटाबोदेली ने जीते कई पुरस्कार

**भानुप्रतापपुर**। भारतीय खान ब्यूरो रायपुर रिजन ने 9 वां वार्षिक खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण 2025 के लिए विभिन्न श्रेणियों में मेसर्स जायसवाल निको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के जिला स्थित मेटाबोदेली लौह अयस्क खदान को पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण के विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया। भारतीय खान ब्यूरो द्वारा आयोजित 9 वां वार्षिक खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण पखवाड़ा पुरस्कार वितरण समारोह रायपुर में यह पुरस्कार मेसर्स जायसवाल निको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के प्रमुख खदान टी प्रसन्ना कुमार एवं उनके टीम ने ग्रहण किया। इस उपलब्धि के लिए मेसर्स जायसवाल नीको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक एसके स्वेन ने मेसर्स जायसवाल नीको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड की टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। समारोह में मुख्य अतिथि नागपुर स्थित भारतीय खान ब्यूरो के कंट्रोलर जनरल पंकज कुलश्रेष्ठ एवं डॉ. वाईजी काले चीफ कंट्रोलर माईंस उपस्थित रहे। पुरस्कार समारोह में खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण पखवाड़ा 2025 के लिए मेसर्स जायसवाल नीको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के कांकेर जिला स्थित मेटाबोदेली लौह अयस्क खदान को चार श्रेणियों में पुरस्कार मिले, जिसमें वेस्ट डंप मैनेजमेंट एवं सस्टेनेबल माईनिंग में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके आलावा अफोरेस्टेशन एवं ओवरऑल परफारमेंस में द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया।





# कोड़ेकुसी कोटवार पर कार्रवाई नहीं होने से भड़का जनआक्रोश, भूख हड़ताल शुरू

## सरपंच सहित ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपाकर कार्रवाई की मांग की पर प्रशासन ने की अनसुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत कोड़ेकुसी में ग्राम कोटवार की कथित लापरवाही एवं भ्रष्टाचार के आरोपों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों का आक्रोश उफान पर है। प्रशासन की निष्क्रियता के विरोध में ग्रामीणों ने मंगलवार को दिए गए अल्टीमेटम के बाद 16 जनवरी से उप तहसील कार्यालय कोड़ेकुसी के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल प्रारंभ कर दी है। इस आंदोलन ने क्षेत्र में शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

ग्राम पंचायत कोड़ेकुसी की सरपंच साधना सहारे के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पूर्व में तहसीलदार दुर्गुकोंदल को लिखित ज्ञापन सौंपते हुए दो दिवस के भीतर ग्राम कोटवार के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की थी। ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गई थी कि यदि निर्धारित समय-सीमा में निर्णय नहीं लिया गया, तो ग्रामीण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। बावजूद इसके, समय सीमा बीत जाने के बाद भी न तो कोई कार्रवाई हुई और न ही किसी प्रकार का निर्णय सार्वजनिक किया गया, जिससे ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम कोटवार की लापरवाही और कथित भ्रष्टाचार के संबंध में पहले ही ग्राम पंचायत द्वारा प्रतिवेदन भेजा जा चुका है। इसके अलावा ग्रामसभा की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर कोटवार को पद से हटाने की अनुशंसा की गई थी।

### पंचनामा तैयार किया गया

मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्राम हल्का पटवारी क्रमांक 12 द्वारा मौके पर पहुंचकर गवाहों के कथन-बयान दर्ज किए गए तथा समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति में पंचनामा भी तैयार किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि इन दस्तावेजों में कोटवार की अनियमितताओं से जुड़े तथ्य स्पष्ट रूप से दर्ज हैं, फिर भी प्रशासन मौन है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम में शासकीय कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन में कोटवार की भूमिका अहम होती है, लेकिन उसकी लापरवाही से आमजन को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास कमजोर हो रहा है। ग्रामीणों ने दो टूक कहा है कि जब तक ग्राम कोटवार को पद से हटाकर उचित कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। भूख हड़ताल में सरपंच साधना सहारे, पूर्व सरपंच फतेहसिंह मरकाम, नारायण सिंह पटेल, रघुरंदन गिरी गोस्वामी, पवन कुमार टेशवर, जैन कबीर कुमार, अमरचंद जैन, भीकम कुमार सहित ग्रामीण शामिल रहे।



## खबर संक्षेप

### सामूहिक छुट्टी लेकर आज शिक्षक करेंगे आंदोलन



**चारामा।** छग सहायक शिक्षक व समग्र शिक्षक फेडरेशन के आह्वान पर 4 सूत्रीय मांगों को लेकर 17 जनवरी को एक दिवसीय जिलास्तरीय आंदोलन में सामूहिक अवकाश पर रहने कि जानकारी शिक्षकों के द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी को दी गई। शिक्षकों ने आवेदन देते हुए बताया कि सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर सभी शिक्षक को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान कर वादा पूरा कर सरकार, पूर्व सेवा गणना कर एलबी संवर्ग को समस्त लाभ प्रदान किया जाए, शिक्षक उपस्थिति के लिए शिक्षक के स्वयं के मोबाईल से एप का इन्स्टालेशन समाप्त किया जाए और शिक्षकों कि टीईटी की अनिवार्यता समाप्त किया किया जाए।

### स्कूली छात्रों के लिए आधार शिविर आज

**कांकेर।** भारतीय डाक विभाग द्वारा प्रधान डाकघर कांकेर और कोरर उपडाकघर में आज 17 जनवरी शनिवार को स्कूली विद्यार्थियों के लिए पूरे दिन आधार नामांकन एवं सुधार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नवीन आधार कार्ड, पुराने आधार में बायोमेट्रिक एवं डेमोग्राफिक अपडेट का कार्य किया जाएगा। व्यक्ति अपने साथ पुराना आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, अंकसूची, पासपोर्ट आदि दस्तावेजो के माध्यम से अपडेट की सुविधा का लाभ ले सकते हैं। अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग जगदलपुर के निर्देश पर उप संभागीय निरीक्षक कांकेर केके तुरकर एवं विजय जांगड़े के मार्गदर्शन में इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### दुर्घटना में युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कोरर अंतर्गत ग्राम पदमपुर पुल के पास सड़क दुर्घटना में घायल चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम गाड़ागौरी निवासी 18 वर्षीय ताम्रध्वज कुलदीप पिता मनहरन कुलदीप का मौत हो गया। सेलेगांव निवासी 33 वर्षीय संतकमार कुलदीप ने पुलिस को बताया कि मृतक का 15 जनवरी को एक्सीडेंट होने से मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सरोना में 24 से होगी क्रिकेट प्रतियोगिता

सरोना। खेल प्रतिभाओं को मंच देने और ग्रामीण अंचल में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिले के सरोना में राज्य स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता 24 जनवरी से शुरू होगी। विजेता टीम को 75 हजार का प्रथम पुरस्कार, उपविजेता टीम को 35 हजार का द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। येलो स्टार क्रिकेट क्लब सरोना एवं समस्त ग्रामवासी सरोना के संयुक्त प्रयास से हो रहा है। आयोजन समिति के सदस्य गौरव नेताम, खेमन सुरोजिया, संदीप यादव, सौरभ लुनावत, मो.वली, भूपेंद्र गंगबेर और ललित बघेल ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रवेश की अंतिम तिथि 21 जनवरी निर्धारित की गई है।

## सशिमं में सप्तशक्ति संगम के तहत मातृ सम्मेलन का किया गया आयोजन

# संयुक्त परिवार से समाज की रीति रिवाज संस्कार एवं परंपराओं का मिलता था ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धनेलीकन्हार





सरस्वती शिशु मंदिर धनेलीकन्हार में 15 जनवरी को सप्त शक्ति संगम के तहत बौद्धिक उद्बोधन व मातृ सम्मेलन पर विविध खेल प्रतियोगिता आयोजित हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच मधु मंडावी, अध्यक्षता प्रधानाचार्य संगीता मानिकपुरी और विशेष अतिथि संस्था के संयोजक सरिता सेन, जाकरुक पालक किरण बारला, शालु बारला, सशिम मनकेशरी के संकुल प्रमुख दीदी दीपमाला देवनाथ रही।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती, भारत माता व ऊं के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना के साथ किया गया । अतिथियों का स्वागत संस्था के दीदी भावना विश्वकर्मा, रीना भुआर्य, मीना जैन, दिपिका साहू, दिव्या यादव ने किया वहीं स्वागत गीत तरीका औरसा, कशीश तारम, ऐशा सेन ने प्रस्तुत किय । मुख्य अतिथि की आसंदी से सरपंच ने सप्त शक्ति के सात गुण जिसमें श्री , कीर्ति, क्षमा, धृत, वाक्, स्मृति, मेधा पर विचार रखते कहा की हम नारीयों की वाणी बहुत ही मधुर होती है, जरुरत होती है सौच विचार कर बोलने की। इसे अपनी दिनचर्या की आदत में शामिल करने की आवश्यकता है। विशेष अतिथि की आसंदी से सरिता सेन ने कुटुम्ब प्रबंधन के विषय पर विचार रखते हुए कहा कि पहले संयुक्त परिवार होता था, जहाँ दादा, दादी, ताऊ, ताई, चाचा, चाची सभी का प्यार व साथ मिलता था, जहां पर परिवार व समाज की रीति रिवाज, परम्परा, संस्कृति की जानकारी आसानी से हो जाती थी, लेकिन आज परिवार छोटा हो गया है, जिससे हम एकाकी जीवन जीने के लिए मजबूर हो गए। हम अपने व्यस्त समय में अपना पूरा ध्यान व समय अपने बच्चों पर नहीं दे, जिससे बच्चों में मोबाइल की लत लग जाती है व बच्चे गलत संस्कार में पड़ जाते हैं। हमें अपने परिवार के बढ़े सदस्यों का आदर व सम्मान देना चाहिए व बच्चों से प्यार से बात करनी है। चरण स्पर्श की परम्परा नित्य डालनी है, ऐसा हम सभी बड़े लोगों को पहले करनी है तभी हमारे बच्चे इस परम्परा का निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम में किरण बारला ने पर्यावरण व शालु बारला ने नारी उत्थान के विषय पर अपने विचार रखे।

### हुई विविध प्रतियोगिताएं

इस कार्यक्रम में माताओं के लिए खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बिस्किट दौड़ में प्रथम परमिला पुसरिया, द्वितीय दसौदा देहारी रही, वहीं कुर्सी दौड़ में प्रथम खमेश्वरी चुरगियां व दूसरे स्थान पर तारा सेन रही।रस्सा अस्सी में पहले स्थान पर नर्मदा सलाम , राजेश्वरी केमरो, नीलम औरसा , लोकेश्वरी रावटे , इशिता देहारी, बिंदेश्वरी मेरिहा , कुमेश्वरी आंधियां, बेदबती सलाम रही। दसवी बोर्ड में टाप टेन व बारहवी बोर्ड में टाप टेन में प्रथम स्थान पर रहे अखिल सेन की माता सेवती सेन को मोमेन्टो भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मोनिका पटेल, हिमेश्वरी बारला , त्रिवेणी सेन, इन्दु औरसा, संध्या देहारी, रम्भा मेरिहा, देवन्तीन कोमरा, खगेश्वरी चुरगियां , नमीथ दर्रो , लीलावती सेन, राधिका लाटीयां, तुलसी नाग, लिलेश्वरी रावटे, सरिता दर्रो, गीता निषाद, तुलेश्वरी पटेल, वर्षा कावडे, नर्मदा सलाम, राजेश्वरी केमरो, नीलम औरसा उपस्थित रहे।

# हरिभूमि में खबर छपी और बिखरी गट्टी सड़क से साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजुर


पखांजुर में नगर पंचायत की लापरवाही से राहगीर घायल, हरिभूमि ने किया था आगाह
पाँच दिन पहले स्वीकार किया था

स्थानीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाने वाली 'हरिभूमि' की निर्भीक पत्रकारिता का एक बार फिर असर देखने को मिला है। नगर पंचायत पखांजूर के वार्ड क्रमांक 14 और 15 में महीनों से चली आ रही ठेकेदार की लापरवाही आखिरकार उजागर होने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया। सड़क पर बिखरी गिट्टी और अधूरे नाली निर्माण से हो रहे हादसों की खबर 'हरिभूमि' में प्रकाशित होते ही जिम्मेदार अधिकारियों की नींद टूट गई और सुबह से ही सड़क किनारे फैली गिट्टी को हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया।

उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 14 में नाली निर्माण के नाम पर ठेकेदार द्वारा सड़क किनारे गिट्टी डंप कर दी गई थी, जिसे लंबे समय तक हटाया नहीं गया। इसी लापरवाही के चलते एक राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला और लगातार शिकायतों के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा था। 'हरिभूमि' ने जब इस मुद्दे को प्रमुखता से प्रकाशित कर विभागीय सुस्ती और ठेकेदार की मनमानी को सामने लाया, तो इसका तत्काल असर हुआ। शुक्रवार की सुबह से ही नगर पंचायत का अमला मौके पर पहुंचा और सड़क से गिट्टी हटाने के कार्य को युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई हो जाती तो हादसा टल सकता था। उन्होंने 'हरिभूमि' का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अखबार की वजह से ही सोया हुआ विभाग जागा और उन्हें राहत मिली। अब लोगों को उम्मीद है कि निर्माण कार्य जल्द पूरा होगा और भविष्य में ऐसी लापरवाही दोहराई नहीं जाएगी।

- हरिभूमि की खबर बना विभाग के लिए अलार्म

# तेज रफ्तार पर शिकंजा, चारामा यातायात पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारामा

चारामा में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। बीते कुछ दिनों पूर्व बस की टक्कर से एक बुजुर्ग की दर्दनाक मौत के बाद प्रशासन और यातायात पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रही है। वहीं यातायात सप्ताह के दौरान आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता के साथ-साथ चालानी कार्रवाई भी की जा रही है।



चारामा थाना एवं यातायात पुलिस द्वारा बस, ट्रक सहित अन्य भारी और हल्के वाहनों के चालकों को आवासीय क्षेत्रों में धीमी गति से वाहन चलाने, ओवरटेक न करने तथा यातायात नियमों का पालन करने की सख्त समझाइश दी जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आवासीय इलाकों में वाहनों की अधिकतम गति 30 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके बावजूद कुछ वाहन चालक लापरवाही बरतते पाए गए, जिस पर तत्काल कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान आवासीय क्षेत्र में तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले कुछ बसों और ट्रकों पर 2000-2000 रुपये का चालान काटा गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई सिर्फ जुर्माना वसूलने के लिए नहीं, बल्कि लोगों की जान बचाने और दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से की जा रही है।

यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें, गति सीमा का ध्यान रखें और आवासीय क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतें। पुलिस का कहना है कि लापरवाही किसी की जान ले सकती है, इसलिए नियम तोड़ने वालों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। यह अभियान आमजन की सुरक्षा के लिए एक जरूरी कदम माना जा रहा है।

# पालक-बालक के मेगा सम्मेलन में बाल विवाह मुक्त भारत के लिए दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारामा

राज्य शासन की मंशानुरूप आज दिनांक 15 जनवरी को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारामा में मेगा पालक-बालक सम्मेलन का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पालक-पालिकाएं उपस्थित रहें, जिनके द्वारा विद्यालय की छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन एवं समग्र विकास के संबंध में अवलोकन एवं निरीक्षण किया गया।



मेगा पालक-बालक सम्मेलन के दौरान पालकों एवं जनभागीदारी समिति के सदस्यों को अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणामों एवं शैक्षणिक स्थिति की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही वार्षिक परीक्षा की तैयारी के लिए आवश्यक रणनीतियों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया, जिससे शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकें। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में सम्मिलित कराने के लिए किए जाने वाले शैक्षणिक एवं नैतिक प्रयासों से पालकों को अवगत कराया गया तथा उनके सक्रिय सहयोग का आह्वान किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बाल विवाह के विरुद्ध शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी पालक-पालिकाओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं, जनभागीदारी समिति के सदस्यों, अध्यक्षा एवं प्राचार्य द्वारा बाल विवाह न करने, न होने देने तथा बाल विवाह की सूचना संबंधित पंचायत एवं शासकीय अधिकारियों को देने की शपथ ली गई। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने, बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा एवं उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया। यह आयोजन शासन की मंशा के अनुरूप बाल विवाह मुक्त एवं शिक्षित समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहाकार्यक्रम में शाला के प्राचार्य विष्णु सेन, वरिष्ठ व्याख्याता जीडी वाधवानी, सुक्खूराम सिन्हा, मो. अनस रज़ा, उमा देवी शर्मा, भागीराम साहू व अन्य लोग उपस्थित रहें।

# सिहारी की बेटी बनी सीमा की प्रहरी सपना का आईटीबीपी में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

कहते हैं कि अगर इरादे मजबूत हों, तो हालात कभी रास्ता नहीं रोक सकते। इसी कथन को साकार कर दिखाया है विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिहारी की होनहार बेटी सपना कोमरा ने, जिन्होंने तीसरे प्रयास में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) में चयनित होकर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि सपना ग्राम सिहारी की पहली महिला होंगी, जो किसी केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल में सेवा देंगी।

- सिहारी की बेटी ने रचा इतिहास, क्षेत्र की पहली युवती
- तीसरे प्रयास में तिरंगे की शान बनी सपना
- सिहारी गांव से ग्लेशियर तक देश रक्षा का करेगी सफर

सीमित संसाधनों और आर्थिक कठिनाइयों के बीच पली-बढ़ी सपना ने कभी अपने सपनों को कमजोर नहीं पड़ने दिया। उन्होंने कक्षा 1 से 8 तक की प्रारंभिक शिक्षा ग्राम सिहारी में ही प्राप्त की। इसके पश्चात कक्षा 9 वीं से 12वीं तक की पढ़ाई शासकीय उमावि भीरागांव से पूर्ण किया। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय, कांकेर से बीएससी की पढ़ाई करते हुए स्नातक की डिग्री प्राप्त की। पढ़ाई के साथ-साथ लगातार केंद्र एवं राज्य स्तर की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करती रहीं। इस संघर्षपूर्ण यात्रा में उन्हें कई बार असफलता का सामना करना पड़ा, लेकिन हर असफलता को उन्होंने सीख में बदला। आत्मविश्वास, अनुशासन और कड़ी मेहनत के बल पर आखिरकार तीसरे प्रयास में उन्होंने आईटीबीपी में चयन प्राप्त कर लिया। उनका नियुक्ति पत्र 24 जनवरी 2026 को राजधानी रायपुर में आयोजित रोजगार मेला में प्रदान किया जाएगा। इसके बाद वे 44 सप्ताह के कठोर प्रशिक्षण से गुजरेंगी और प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत उनकी तैनाती भारत-चीन सीमा पर की जाएगी, जहां वे देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

### सफलता के लिए निरंतर मेहनत व धैर्य की जरूरत



आईटीबीपी के लिए चयनित सपना ने हरिभूमि से बात करते हुए भावुक होकर कहा कि इस उपलब्धि का पूरा श्रेय वे अपने माता-पिता को देती हैं, जिन्होंने कठिन आर्थिक परिस्थितियों में भी उनका हौसला बनाए रखा। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि निरंतर मेहनत, धैर्य और दृढ़ संकल्प से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

### छापरपारा में आज से राज्य स्तरीय मानसगान

**बासनवाही।** ग्राम छापरपारा में ग्रामवासियों के विशेष सौजन्य से राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय श्रीरामचरित मानस एवं आध्यात्मिक चिंतन महोत्सव का आयोजन 17 से 19 जनवरी तक किया जा रहा है। महोत्सव के शुभारंभ से एक दिन पूर्व गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं, पुरुष एवं युवा शामिल हुए। यह आयोजन ग्राम छापरपारा में लगातार 15 वें वर्ष से आयोजित किया जा रहा है। तीनों दिन श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था रहेगी।

# पालक शिक्षक सम्मेलन में परीक्षा की तैयारी की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरर

शासकीय हाईस्कूल कोकानपुर में पालक शिक्षक सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन एवं सवगीण विकास पर विचार विमर्श किया गया एवं विद्यालय के अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम पालको को बताया गया। हमर लक्ष कांकेर मिशन 40 के तहत बोर्ड परीक्षा की तैयारी को बताया गया। बाल विवाह प्रथा पर रोक लगाने सभी को शपथ दिलाया गया। हाईस्कूल की प्राचार्य शकुंतला ठाकुर ने सभी बच्चों को बोर्ड पेपर की तैयारी एवं अध्यापन के लिए टिप्स दिए। इस अवसर पर हाईस्कूल जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एवं ग्राम पटेल माखन मंडावी ने छात्र छात्राओं से कहा कि सभी बच्चे शिक्षा के साथ साथ अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। उक्त कार्यक्रम में उपसरपंच योगीता राघवेंद्र राजपूत, पंच पूर्णिमा साहू, सहदेव मतलाम, लखन सिन्हा, मिथिला जैन, गायत्री मंडावी, कुबेर कोसमा, जयश्री कावड़े, अनामिका साहू, डोगेंद्र सिंह कश्यप, कल्याणी शर्मा व अन्य उपस्थित रहें।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




